**प्रेस नोट**

**दिनांक 08.06.2025**

## थाना राठ पुलिस द्वारा लूट का वांछित अभियुक्त अवैध तमंचा व कारतूस एवं लूटे गये माल के साथ पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 07.06.2025 को प्रमोद सोनी पुत्र नारायण दास निवासी कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर द्वारा थाना राठ पुलिस को दी गई तहरीर के माध्यम से बताया गया कि 02 व्यक्तियों ने उसके घर में घुसकर तमंचा दिखाकर कुछ सोने के जेवरात लूट लिए हैं। वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राठ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 269/ 25 धारा 333/ 309(6) बीएनएस बनाम 02 अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था। ।

इसी क्रम मे आज दिनांक 08.06.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 269/ 25 धारा 333/ 309(6) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना राठ पुलिस मण्डी तिराहे के पास मामूर थी कि इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा राठ में लूट की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त नौहाई मोड़ के पास मौजूद है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई, तभी अभियुक्त राजेन्द्र पुलिस टीम को आता देख भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा कर घेराबंदी कर टोका गया तो अभियुक्त ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र हरगोविन्द के दोनों पैरों में गोली लगी। अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस नाजायज 315 बोर, व 01 अदद लूट का मंगलसूत्र बरामद करते हुए घायल अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र हरगोविन्द को उपचार हेतु अस्पताल भेजवाया गया।

आज हुई मुठभेड के सम्बन्ध में थाना राठ जनपद हमीरपुर पर अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र हरगोविन्द निवासी ग्राम कंधौली थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर उम्र करीब 26 वर्ष के विरुद्ध (पुलिस मुठभेड) व आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया जा रहा है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

राजेन्द्र पुत्र हरगोविन्द (उम्र करीब 26 वर्ष) निवासी ग्राम कंधौली थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी**

01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस नाजायज 315 बोर, व 01 अदद लूट का मंगलसूत्र बरामद।

**गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

1. प्र0नि0 रामआसरे सरोज
2. उ0नि0 विनेश गौतम
3. उ0नि0 जनार्दन प्रताप सिंह
4. उ0नि0 शिवम दत्त
5. का0 डेगराज यादव
6. का0 अंशुल सिंह
7. का0 जितेन्द्र कुमार यादव